निबंधन मित्र बनाकर 20 हजार युवाओं को रोजगार देगी सरकार

प्रस्ताव को दिया जा रहा अंतिम रुप, जल्द कैबिनेट में रखा जाएगा

अभिषेक गुप्ता

लखनऊ। प्रदेश में पहली बार बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर खोलने के लिए प्रदेश सरकार निबंधन मित्रों की नियुक्ति करेगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इससे न्यूनतम 20 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इनमें महिलाओं की अच्छी संख्या होने की उम्मीद है। देश में अपनी तरह का यह पहला प्रयोग होगा।

निबंधन मित्र रजिस्ट्री व प्रापर्टी संबंधी दस्तावेज तैयार करेंगे। इससे पहले उन्हें सरकार की तरफ से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद यूनीक आईडी नंबर के साथ लाइसेंस दिया जाएगा। एक रजिस्ट्री का पेपर तैयार करने के लिए निबंधन मित्रों को दो हजार रुपये फीस तय करने का प्रस्ताव है। वहीं, गलत डीड के लिए जवाबदेही भी निबंधन मित्रों की होगी।

वर्तमान में रजिस्ट्री की डीड करने के लिए तीन विकल्प हैं। आवेदक स्वयं स्टांप डीड तैयार करे। किसी अधिवक्ता की मदद से डीड बनाए या फिर डीड राइटर से रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार कराए। अब सरकार निबंधन मित्रों के रूप में चौथा विकल्प देगी। सूत्रों के मुताबिक संबंधित प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसे जल्द ही कैबिनेट में पेश किया जाएगा।

ये होगी पात्रता

निबंधन मित्र की न्यूनतम पात्रता स्नातक होगी। उसके ऊपर कोई आपराधिक मुकदमा दायर न हो। सरकार प्रशिक्षण के बाद एक लाइसेंस नंबर देगी। लाइसेंस बनाए रखने के लिए वर्ष में न्यूनतम पांच रजिस्ट्री करनी होगी।

- **निबंधन मित्र की भी तय होगी जवाबदेही :** निबंधन मित्र की जवाबदेही भी तय होगी। प्रत्येक रजिस्ट्री से पहले प्रापर्टी का भौतिक परीक्षण करना होगा। साल में पांच गलत डीड पाए जाने पर नोटिस जारी किया जाएगा। जिसका जवाब उसे डीएम को देना होगा। अपना पक्ष रखने के लिए आईजी स्टांप को भी नोटिस का जवाब देना होगा।

घर से कर सकेंगे काम

- निबंधन मित्र के लिए कचहरी में किसी ऑफिस की जरूरत नहीं होगी बल्कि घर से भी काम कर सकेंगे।
- एक डीड तैयार करने के लिए रजिस्ट्री मूल्य का एक फीसदी या दो हजार रुपये में जो भी कम होगा, फीस के रूप में देय होगा।
- इसके अलावा दस्तावेजों की जांच के रूप में 50 रुपये प्रति दस्तावेज फीस का प्रस्ताव है।
- यूपी में एक वर्ष में करीब 38 लाख स्टांप पंजीयन होते हैं। अनुमान है कि एक निबंधन मित्र की सालाना न्यूनतम आय तीन लाख रुपये तक होगी।

>> पीएम इंटर्नशिप में यूपी के 8506 युवाओं को मिलेगा मौका : पेज 5